## विषय : गणित    Set-B

**नोट :** सभी प्रश्न हल कीजिए।

**निर्देश :** (i) कैलकुलेटर के प्रयोग की अनुमति नहीं है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक आबंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(i) 3 और 9 का तृतीयानुपाती होगा:

(अ) 27    (ब) 63

(स) 36    (द) 16

(ii) श्रेणी 4, 7, 10, 13, ..... का 10वाँ पद होगा :

(अ) 31    (ब) 54

(स) 34    (द) 35

(iii) बिन्दुओं (–5, 7) और (–1, 3) के बीच की दूरी होगी :

(अ) $4\sqrt{2}$    (ब) $2\sqrt{5}$

(स) $4\sqrt{3}$    (द) $3\sqrt{2}$

(iv) $\sin(90° - \theta).\operatorname{cosec}(90° - \theta)$ का मान होगा:

(अ) 1    (ब) 0

(स) 2    (द) –1

(v) एक शंकु की ऊँचाई 15 सेमी. तथा आधार की त्रिज्या 3 सेमी. हो, तो शंकु का आयतन होगा:

(अ) $45\pi$    (ब) $48\pi$

(स) $100\pi$    (द) $60\pi$

1. खण्ड–(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

(i) 135° का मान ..........रेडियन होता है।

(ii) यदि किसी चक्रीय चतुर्भुज के एक कोण की माप 75° हो, तो उसका सम्मुख कोण ......होगा।

(iii) किसी $\Delta ABC$ में $DE \| BC$ तथा $AD = 3$ सेमी., $DB = 8$ सेमी., $EC = 24$ सेमी. हो, तो $AE$ का मान .......... हैं।

(iv) द्विआधारी संख्याओं 1010 तथा 0111 का योग .........होता है।

(v) संख्याओं $x$, 8, 10 और 12 का समांतर माध्य 8 हो, तो $x$ का मान ........होगा।

2. $(20)_{10}$ को दशमिक प्रणाली से द्विआधारी प्रणाली में परिवर्तित कीजिए।

3. श्रेणी 2, 8, 14, 20, ..... का 16वाँ पद ज्ञात कीजिए।

4. द्विआधारी प्रणाली की संख्याओं 010111 और 111010 का योगफल ज्ञात कीजिए।

5. बिन्दुओं (1, –2) और (–3, –1) को मिलाने वाली रेखा के मध्य बिन्दु का निर्देशांक ज्ञात कीजिए।

6. वर्ग समीकरण की रचना कीजिए जिसके मूल –2 तथा 3 हैं।

7. $\frac{2\pi}{3}$ रेडियन को अंश में परिवर्तित कीजिए।

8. एक बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए जिसके आधार की त्रिज्या 4 सेमी. एवं ऊँचाई 14 सेमी. है।

9. 25 मी. लम्बी एक सीढ़ी एक भवन के जमीन से 20 मी. ऊँची खिड़की तक जाती है। भवन से सीढ़ी के निचले सिरे की दूरी ज्ञात कीजिए।

10. सरल कीजिए:

$$\left(\frac{4x+1}{x+1}\right)-\left(\frac{x-1}{x+1}\right)$$

11. यदि $a : b = 2 : 3$ हो, तो $(a+2b) : (a+3b)$ का मान ज्ञात कीजिए।

12. वर्ग समीकरण हल कीजिए:

$2x^2 - 7x + 12 = 0$

13. किशन ने भारतीय स्टेट बैंक में रुपये 200 प्रतिमाह की दर 5 वर्ष के लिए आवर्ती जमा खाता खोला। यदि ब्याज की दर 6% वार्षिक हो, तो उसे 5 वर्ष के पश्चात् उसे कितनी धनराशि प्राप्त होगी?

14. सिद्ध कीजिए कि

$$\frac{\sin^2\theta}{\cos\theta}+\frac{\cos\theta}{1}=\sec\theta$$

15. किसी लंब प्रिज्म का आधार एक समबाहु त्रिभुज है। इसके आधार की प्रत्येक भुजा 8 सेमी. है। प्रिज्म की ऊँचाई की गणना कीजिए, यदि प्रिज्म का आयतन $328\sqrt{3}$ घन

सेमी. है।

16. यदि $x = a \sec\theta$ और $y = b \tan\theta$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$.

**अथवा**

समीकरण हल कीजिए :

$$\frac{\cos\theta}{\operatorname{cosec}\theta+1} + \frac{\cos\theta}{\operatorname{cosec}\theta-1} = 2$$

17. $K$ के किस मान के लिए बिन्दु (1, 4), ($K$, –2) और (–3, 16) समरेख होंगे?

**अथवा**

उस बिन्दु के निर्देशांक ज्ञात कीजिए जो बिन्दुओं (2, 1) और (–3, –4) को मिलाने वाली रेखा को 2:3 के अनुपात में अन्तःविभाजित करता है।

18. मान ज्ञात कीजिए :

$$2\left(\frac{\cos 67^\circ}{\sin 23^\circ}\right)^2 + \left(\frac{\tan 40^\circ}{\cos 50^\circ}\right)^2 + \cos 0^\circ$$

**अथवा**

सिद्ध कीजिए कि

$$\frac{1+\sec\theta}{\sec\theta} = \frac{\sin^2\theta}{1-\cos\theta}$$

19. किसी $\Delta ABC$ में $DE \| BC$। यदि $AD = x, AB = 2x-2, AC = 2x+1$ तथा $EC = x-1$ हो, तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

यदि एक वृत्त की त्रिज्या 13 सेमी. हो, तो केन्द्र से 5 सेमी. की दूरी पर स्थित जीवा की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

20. निम्नलिखित सारणी की माध्यिका ज्ञात कीजिए :

| वर्ग अन्तराल | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 | 50–60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 4 | 6 | 10 | 7 | 3 | 2 |

**अथवा**

एक साधारण पासे को उछालने पर एक से बड़ा अंक प्राप्त करने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

21. एक ठोस शंकु की ऊँचाई 10 सेमी. है और व्यास 20 सेमी. है। इसे गलाकर 2 सेमी. व्यास वाले कितने गोले बनाए जा सकते हैं ?

**अथवा**

यदि एक बेलन का व्यास 14 सेमी. तथा ऊँचाई 10 सेमी. हो, तो बेलन का आयतन तथा वक्र पृष्ठ ज्ञात कीजिए।

22. निम्नलिखित सारणी का बहुलक ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 | 50–60 | 60–70 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 8 | 15 | 20 | 40 | 30 | 14 | 12 |

**अथवा**

निम्नलिखित सारणी का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए:

| वर्ग | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 |
|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 10 | 18 | 35 | 20 | 17 |

23. पाइथागोरस प्रमेय को लिखिए एवं सिद्ध कीजिए।

**अथवा**

यदि $PAB$ वृत्त की छेदक रेखा हो, जो वृत्त को $A$ तथा $B$ पर प्रतिच्छेद करती हो और $PT$ एक स्पर्श रेखाखण्ड हो, तो सिद्ध कीजिए कि $PA.PB = (PT)^2$

24. डॉ. राजेश की कुल वार्षिक आय (मकान किराया भत्ता छोड़कर) रुपये 1,78,000 है। यदि वह सामान्य भविष्य निधि में प्रतिमाह 2,500, समूह जीवन बीमा योजना में प्रतिमाह रुपये 180 तथा रुपये 5,000 अर्द्धवार्षिक जीवन बीमा प्रीमियम का भुगतान करता है, उस वित्तीय वर्ष में उसे कितना आयकर देना होगा? आयकर गणना की सीमा—

(a) आयकर की दर :

(i) रुपये 1,10,000 तक – शून्य

(ii) रुपये 1,10,001 से रुपये 1,50,000 तक – 10%

(iii) रुपये 1,10,001 से रुपये 2,50,000 तक – 20%

(iv) रुपये 2,50,000 स ऊपर पर – 30%

(b) शिक्षा उपकर—आयकर की राशि पर 3% की दर से देय होगा।

**अथवा**

निलेश ने बैंक ऑफ इंडिया में रुपये 50,000 को 1 वर्ष के लिए 8% वार्षिक ब्याज की दर से सावधि जमा खाता खोला। यदि ब्याज छःमाही संयोजित किया जाता है, तो उसे अवधि की समाप्ति पर कितनी राशि प्राप्त होगी?

25. गुणनखण्ड कीजिए :

$$x(y^2+z^2)+y(z^2+x^2)+z(x^2+y^2)+2xyz$$

**अथवा**

यदि किसी समन्तर श्रेणी का 6वाँ पद $\frac{1}{4}$ तथा 4वाँ पद $\frac{1}{6}$ हो, तो श्रेणी का 24वाँ पद ज्ञात कीजिए।

26. $\Delta ABC$ की रचना कीजिए जहाँ $BC = 4$ सेमी., $\angle A = 55^\circ$ तथा $A$ से होकर जाने वाली शीर्षलंब 3.5 सेमी. हो।

अथवा

$\Delta ABC$ के परिगत वृत्त की रचना कीजिए जहाँ $AB = 5.5$ सेमी.; $BC = 7$ सेमी. तथा $\angle B = 70°$

27. समीकरण हल कीजिए:

$$\frac{x+2}{x} - \frac{x}{x+2} = 1\frac{1}{2}$$

अथवा

यदि $a : b = c : d$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि

$$\frac{a^2 - c^2}{b^2 - d^2} = \frac{ac}{bd}$$